(b) if so, what are their demands; and

(c) what action Government propose to take to mitigate the undue hardship caused to the litigants?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (SHRI DINESH GOSMALIK): (a) Yes, Sir.

(b) The practising lawyers of Tis Hazari Courts are at present demanding enhancement of the original pecuniary jurisdiction of the District Courts.

(c) The matter is being currently examined by the Government of India.

**संपर्क नहर प्रणाली पर प्रतिवेदन**

1036. **श्रीमती कैलाशपति :**
**श्री बलराम सिंह यादव :**

क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण ने अपनी जांच तथा अध्ययन के आधार पर पांच संपर्क नहर प्रणालियों के संबंध में एक प्रतिवेदन सरकार को दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उन नदियों के नाम क्या हैं जिन पर ऐसी संपर्क नहरों के निर्माण किये जाने का प्रस्ताव है ;

(ग) क्या सरकार ने देश के कृषि विकास को ध्यान में रखते हुये, उक्त प्रस्तावों को कार्यान्वित करने के लिये कोई योजना तैयार की है और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है : और

(घ) यदि नहीं, तो ऐसी योजना के कब तक तैयार होने जाने की संभावना है ?

**जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मनुभाई कोटाडिया :** (क) से (घ) राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण ने निम्नलिखित पांच जल अंतरण सम्पर्कों की पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की है :–

1. महानदी – गोदावरी (डाउनलिसवरम) – पोलावरम ।

2. गोदावरी (पोलावरम) – कृष्णा (विजयवाड़ा) ।

3. पार – तापी (दमनगंगा–तापी) ।

4. केरल के पश्चिम की ओर प्रवाहित होने वाली नदियां – चित्तार–वैगई

5. केन– बेतवा ।

इन रिपोर्टों पर संबंधित राज्य सरकारों की सहमति मिल जाने के बाद ही इन संपर्कों के लिये विस्तृत फ़ील्ड अन्वेषण शुरू किये जायेंगे ।

**नियंत्रित कपड़े के उत्पादन का दायित्व**

1037. **श्री बलराम सिंह यादव :**
**श्रीमती कैलाशपति :**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1985 में घोषित वस्त्र नीति के उपबंधों के अनुसार, नियंत्रित कपड़े के उत्पादन की पूरी जिम्मेदारी हथकरघा उद्योग पर डाली जायेगी;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस निर्णय में हाल ही में परिवर्तन करके नियंत्रित कपड़े के उत्पादन के लिए कुछ जिम्मेदारी पुन: कपड़ा मिलों पर डाल दी गयी है; और

(ग) यदि हां, तो इस निर्णय के परिणाम स्वरूप हथकरघा उद्योग को होने वाले घाटों को पूरा करने के लिए सरकार ने इस उद्योग को क्या-क्या प्रोत्साहन दिये जाने की घोषणा की है ?